Shifting of Netaji Subhash Centre of SAI

4113. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether there is a proposal to shift Netaji Subhash Centre of Sports Authority of India to Lucknow;

(b) whether it is also a fact that no building and other infrastructural facilities for this purpose are ready at Lucknow; and

(c) if so, whether Government consider shifting this centre to Gwalior where adequate facilities are available at Laxmibai National College for Physical Education Complex?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRI MUKUL WASNIK): (a) Yes, Sir. There is a proposal to shift the Netaji Subhas Central Centre of Sports Authority of India to Lucknow.

(b) and (c) Necessary buildings and other sports infrastructure will be developed at Lucknow for the proper functioning of the Centre. Therefore, there is no proposal to shift the Centre to Gwalior.

गुजरात में राज्य महिला आयोग की स्थापना

4114. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गुजरात राज्य सरकार से राज्य में महिला आयोग स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस पर केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार इस प्रस्तावित महिला आयोग को अपनी स्वीकृति प्रदान कर देगी;

(घ) सरकार इस महिला आयोग को प्रति वित्तीय वर्ष में सहायता के रूप में कितनी धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ङ) तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार को इस प्रकार का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । राज्य महिला आयोगों की स्थापना संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जाती है । केन्द्रीय सरकार की इसमें कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है । तथापि, राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे राज्य आयोग शीघ्र स्थापित करने पर विचार करें । गुजरात राज्य सरकार ने राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुरूप राज्य आयोग स्थापित करना स्वीकार कर लिया है । (घ) तथा (ङ) : केन्द्रीय सरकार की ऐसी कोई स्कीम नहीं है जिसके तहत राज्य आयोगों का वित्त-पोषण केन्द्र सरकार द्वारा किया जा सके ।

पूर्व सोवियत संघ में उच्च अध्ययन हेतु भेजे गये विद्यार्थी

4115. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व सोवियत संघ के विघटन के पूर्व आपसी समझौते के अन्तर्गत प्रति वर्ष उच्च अध्ययन हेतु कितने विद्यार्थियों को भेजे जाने का अनुबंध था;

(ख) इनमें से रूसी गणराज्यों के अलग-अलग होने के बाद गठित नये स्वतंत्र देशों में अध्ययन के लिए ऐसे कितने-कितने विद्यार्थी बंट गये;